तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार 12 जुलाई 2026



14 शिक्षकों ने सांसद से की मुलाकात, सौंप ज्ञापन ...



14 छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि, नियमों से नहीं होगा कोई ...

**खबर संक्षेप**

### इंस्टाग्राम पर युवक से 1.47 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** विजयनगर कॉलोनी निवासी अब्दुल रहमान इंस्टाग्राम पर खिलौने बेचने के नाम पर साइबर ठगी का शिकार हो गया। शिकायत के अनुसार, दो जुलाई को इंस्टाग्राम पर दिखे एक विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद ठगों ने उससे मैसेज के जरिए संपर्क किया और खिलौनों का कारोबार कर मुनाफा कमाने का झांसा दिया। आरोपियों ने बातों में उलझाकर उससे अलग-अलग माध्यमों से कुल 1.47 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। रकम मिलने के बाद उन्होंने संपर्क तोड़ दिया। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना पुलिस में शिकायत दी। जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर परिवार पर हमला

**यमुनानगर।** बूडिया थाना क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों द्वारा युवती से कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। शिकायत के अनुसार, छह जुलाई की शाम गांव के ही रीतिक और रोहित ने युवती का रास्ता रोककर उसके साथ छेड़छाड़ की। युवती के घर पहुंचकर घटना बताने पर परिजन आरोपियों से बात करने गए। आरोप है कि रीतिक, रोहित, हेमंत और देशराज ने अन्य परिजनों के साथ मिलकर हमला कर दिया। हमले में युवती सहित तारावती, सुनीता, सोनिया और मैनपाल घायल हो गए। सभी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सूने दो घरों से लाखों के गहने उड़ा ले गए चोर

**यमुनानगर।** चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं में चोर लाखों रुपये की संपत्ति लेकर फरार हो गए। व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव काठगढ़ में गौतम कुमार के सूने घर का ताला तोड़कर चोर करीब 15 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। वहीं, हमीदा की बिशनदास कॉलोनी में केवल सिंह के घर से अज्ञात चोर साढ़े तीन लाख रुपये की नकदी और लोहे का गल्ला चुरा ले गए। दोनों घटनाओं की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। जांच के बाद मामले दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

**पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश का प्रभाव : जलस्तर बढ़ने से संपर्क मार्ग प्रभावित, जनजीवन प्रभावित**

# मारकंडा उफान पर, कठवा-तंगौर समेत चार गांवों में घुसा बाढ़ का पानी

- 14,294 क्यूसेक पानी से खेत जलमग्न, फसलों को भारी नुकसान
- कलसाना में घरों तक पहुंचा पानी, सांप के काटने से गाय की मौत
- प्रशासन के दावे फेल, ग्रामीणों ने राहत और स्थायी समाधान की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र/शाहाबाद



**शाहबाद।** सड़कों पर भरे पानी में से होकर निकलते वाहन। फोटो : हरिभूमि

मारकंडा नदी में जलस्तर बढ़ने के साथ ही एक बार फिर कठवा और तंगौर गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। वहीं कलसाना, और मोहनपुर में नदी का पानी घुस गया। शनिवार को नदी में 14,294 क्यूसेक पानी दर्ज किया गया, जिससे नदी का पानी गांवों और आसपास के खेतों में फैल गया। खेतों में पानी भरने से किसानों की खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचने लगा है और ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि मारकंडा नदी का पानी हर वर्ष तबाही मचाता है। बाढ़ के कारण गांव का संपर्क आसपास के क्षेत्रों से प्रभावित हो जाता है, जिससे लोगों का सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। यदि जलस्तर में और वृद्धि होती है तो कठवा गांव के हालात और भी दयनीय हो सकते हैं। बाढ़ के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर भी असर पड़ने की आशंका है। स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों तथा रोजमर्रा के कार्यों के लिए आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से समय रहते आवश्यक इंतजाम करने और प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य तेज करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष बाढ़ की समस्या झेलने के बावजूद इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने सरकार से मारकंडा नदी पर प्रभावी

#### पानी में बहकर आ रहे जहरीले जानवरों से खतरा बढ़ा

ग्रामीणों के मुताबिक, मारकंडा का पानी कलसाना गांव तक मार कर गया। यहां तटबंध से पानी पाइप के जरिए बैक मार गया, जिससे कलसाना गांव के निचले हिस्से डूब गए। यहां कई घरों में पानी घुस गया। यहां एक घर में पानी के साथ बहकर आए सांप ने गाय को काट लिया। इससे गाय की मौत हो गई। इसके बाद गांव की सरपंच दलजीत कौर ने जेसीबी की मदद से तटबंध की मिट्टी हटवाई। इससे पानी को रास्ता मिल गया और पानी मोहनपुर गांव की तरफ आ गया। हालांकि यहां पानी खेतों तक ही सीमित रहा। लेकिन खेतों में पानी भरने से फसलों को नुकसान पहुंचा है।

#### पानीपतः यमुना के क्षेत्र में नहीं जाने की अपील

**पानीपत।** डीसी डॉ वशिष्ठ ने यमुना क्षेत्र से लगते सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से यमुना में ना जाएं और ना ही नहाए। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि ज्यादा वर्षा के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें, जलभराव वाले क्षेत्रों से दूरी बनाए रखें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल संबंधित विभाग या नियंत्रण कक्ष को दें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी विभागों के समन्वित प्रयास एवं जनसहयोग से मानसून के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकेगा।

#### बाढ़ की स्थिति ने प्रशासन की तैयारियों की खोली पोल

बाढ़ की स्थिति ने प्रशासन की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी है। मानसून से पहले प्रशासन का दावा था कि इस बार पुख्ता प्रबंध किए गए हैं और किसी भी गांव को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा, लेकिन हकीकत दावों के ठीक उलट निकली। हर वर्ष की भांति इस साल भी गांव कठवा टापू में तब्दील नजर आ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि हर साल सरकार और प्रशासन बाढ़ से बचाने के बड़े-बड़े वादे करता है, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं होता। हर वर्ष हमें इसी तरह भारी नुकसान और मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ती है।



**कुरुक्षेत्र।** हादसे में क्षतिग्रस्त हुई पिकअप गाड़ी। फोटो : हरिभूमि

**इस्माइलाबाद में नेशनल हाईवे-152 पर हादसा**

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ी पिकअप हेल्पर की मौत, दो घायल

- केबिन में फंसे तीनों युवकों को लोगों ने निकाला, घायल हेल्पर ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले के इस्माईलाबाद क्षेत्र में हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-152 पर शनिवार को हुए सड़क हादसे में एक पिकअप गाड़ी के हेल्पर की मौत हो गई, जबकि चालक समेत दो अन्य लोग घायल हो गए। हादसा लोटनी गांव के पास उस समय हुआ जब पिकअप ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे जा टकराई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिकअप में सवार तीनों युवक केबिन में बुरी तरह फंस गए। आसपास मौजूद लोगों ने काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला और एंबुलेंस से लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया। वहां हेल्पर की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया, लेकिन दूसरे अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान उसके हाथ पर बने बमबम नाम के टैटू से हुई। बाद में उसकी पहचान 30 वर्षीय बमबम यादव निवासी महथोर गोठ गांव, जिला मधुबनी (बिहार) के रूप में हुई। मृतक के बड़े भाई ललित यादव, जो गुरुग्राम में रहते हैं, ने बताया कि बमबम अपने साथी चालक के साथ महिंद्रा पिकअप लेकर हिसार से पंचकूला जा रहा था। उनके साथ एक अन्य साथी भी वाहन में सवार था। लोटनी गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास आगे चल रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने अचानक कट मारकर ब्रेक लगा दिए। पीछे चल रही पिकअप अनियंत्रित होकर ट्रॉली में जा घुसी।

### पानीपत में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

**पानीपत।** थाना किला क्षेत्र में सात माह पहले निकाह करने वाली सेहरीन की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वहीं, सेहरीन की सास रेहाना ने जानकारी दी कि सेहरीन ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या की है। जबकि पति साहिल व सुसर जहरी ने रेहाना को सेहरीन की मौत का जिम्मेदार ठहराया। इधर, पुलिस की जांच में पता चला कि सेहरीन ने साहिल से सात माह पहले ही प्रेम विवाह किया था। वहीं, पुलिस की जांच में सेहरीन के मुंह से झाग निकल रहे थे। पुलिस ने सेहरीन के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। इधर, किला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दीवान सिंह ने बताया कि फॉरेंसिक और सीन ऑफ क्राइम की टीम को बुलाकर मौके से सभी जरूरी भौतिक और वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं, सेहरीन की मौत के सही कारण उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चलेगा। फिलहाल पुलिस ने मृतक सेहरीन के पति साहिल, सास रेहना, सुसर जहीर समेत पांच पर दहेज हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**एसआईआर के कार्य में लापरवाही पर गाज**

### थानेसर विस के बूथ नंबर 104 के बीएलओ निलंबित



**कुरुक्षेत्र।** बीएलओ से बातचीत करते उपायुक्त मीणा।

**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य में लापरवाही बरतने वाले थानेसर विधानसभा के बूथ नंबर 104 के बीएलओ को सस्पेंड किया गया है। बीएलओ की एसआईआर के कार्य को करने में कोई रुचि नहीं थी, कई बार बूथ से नागरिकों व अन्य अधिकारियों की शिकायत भी लगातार आ रही थी और आज निरीक्षण के दौरान भी बीएलओ अपने मतदान केंद्र पर मौजूद नहीं पाया गया। सभी बिंदुओं को देखते हुए बीएलओ को सस्पेंड किया गया और बूथ पर दूसरे बीएलओ को नियुक्त किया गया है, ताकि 14 जुलाई तक बूथ पर एसआईआर के कार्य को पूरा किया जा सके। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शनिवार को यूनिवर्सिटी के नॉन टीचिंग क्लब में बनाए गए थानेसर विधानसभा के बूथ नंबर 104, 105, 106 व 107 बूथों का निरीक्षण कर रहे थे।

### लोन के नाम पर ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ऑनलाइन 5 लाख रुपये का लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को अमृतसर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राहिल निवासी कृष्णा गली, नमक मंडी, अमृतसर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सेक्टर-9 निवासी गुंजन ने 2 जुलाई को शिकायत दी थी कि मई माह में आरोपी ने ऑनलाइन संपर्क कर बैंक लोन दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद अलग-अलग शुल्कों के नाम पर उससे 77,510 रुपये ले लिए। रकम लेने के बाद न तो लोन दिलाया और न ही पैसे लौटाए। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

**ड्रेन नंबर-2 में अब भी 43.9 एमएलडी गंदा पानी बिना ट्रीटमेंट बह रहा**

# पानीपत के प्रदूषण पर एचपीसीबी सख्त, अफसरों को तय समय में कार्य पूरे करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचपीसीबी) के चेयरमैन विनय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में यमुना एक्शन प्लान की समीक्षा बैठक में पानीपत में बढ़ते प्रदूषण पर कड़ा रुख अपनाया गया। केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली इस योजना के तहत ड्रेन नंबर-2 और ड्रेन नंबर-8 की विस्तृत समीक्षा की गई। चेयरमैन ने अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी परियोजनाएं पूरी करने के सख्त निर्देश दिए।

#### बिना ट्रीटमेंट बह रहा गंदा पानी

निगम के मुख्य अभियंता एवं नोडल अधिकारी रमेश बागड़ी ने बताया कि ड्रेन नंबर-2 में प्रतिदिन 224.9 एमएलडी पानी बहता है। इसमें 181 एमएलडी पानी का शोधन हो रहा है, जबकि 43.9 एमएलडी गंदा पानी बिना उपचार के नाले में जा रहा है। इसे रोकने के लिए ददलाना में तीन एमएलडी क्षमता का एसटीपी बनाया जा रहा है, जिसका 65%कार्य पूरा हो चुका है। वहीं, समालखा में दो नए एसटीपी प्रस्तावित हैं, जिनमें एक का टेंडर जारी हो चुका है, जबकि दूसरे के लिए भूमि का मामला लंबित है।



**पानीपत।** एचपीसीबी के चेयरमैन विनय प्रताप सिंह डेन-2 के गेट की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### एसटीपी होगा अपग्रेड

सैनी कॉलोनी से आने वाले घरेलू और औद्योगिक रसायनयुक्त पानी के उपचार के लिए जाटल रोड स्थित 10 एमएलडी क्षमता के एसटीपी को अपग्रेड कर इंडस्ट्रियल एसटीपी बनाया जाएगा। इसके लिए एचएसआईआईडीसी कंसल्टेंट नियुक्त कर रही है। परियोजना को 31 दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**सेक्टर-29 में सीईटीपी का निर्माण शुरू**

एचएसआईआईडीसी ने सेक्टर-29 औद्योगिक क्षेत्र में 21 एमएलडी क्षमता के सीईटीपी का निर्माण शुरू कर दिया है। इसके जून 2028 तक पूरा होने की संभावना है। वहीं, एचपीसीबी चेयरमैन विनय प्रताप सिंह ने ड्रेन नंबर-2 से जुड़े सभी प्रोजेक्ट 31 अक्टूबर 2027 तक हर हाल में पूरे करने के निर्देश दिए।

#### रिफाइनरी रोड का सीईटीपी अब भी बंद

रिफाइनरी रोड का सीईटीपी बंदवरिष्ठ पर्यावरण अभियंता जे.पी. सिंह ने बताया कि रिफाइनरी रोड स्थित 2.5 एमएलडी क्षमता का सीईटीपी उद्योगों से रासायनिक अपशिष्ट नहीं मिलने के कारण बंद पड़ा है। वहीं, पानीपत से झज्जर तक जाने वाले 65 किलोमीटर लंबे ड्रेन नंबर आठ को लेकर नाले का पानी पूरी तरह ट्रीटेड है और इसका उपयोग केवल सिंचाई के लिए किया जाता है।

**अवैध डंपिंग पर केस दर्ज होगा**

एचपीसीबी चेयरमैन विनय प्रताप सिंह ने नालों-नहरों में कचरा या रासायनिक अपशिष्ट डालने वालों के खिलाफ केस दर्ज करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग को कैनाल एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिपोर्ट भेजने को कहा गया है।



## खबर संक्षेप

### एन्यूमरेशन फॉर्म 14 से पहले भरें, बढ़ेगी प्रक्रिया

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने जिले के सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे 14 जुलाई की अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना अपना एन्यूमरेशन फॉर्म भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा कराएं। शनिवार को लघु सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान अब अंतिम चरण में है और प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल होना जरूरी है।

### जलभराव रोकने के लिए दिए सख्त निर्देश

**करनाल।** मानसून की सक्रियता को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी विभागों को पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को लघु सचिवालय में बाढ़ एवं जलभराव की संभावित स्थिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी और सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों में एक जूनियर इंजीनियर, एक एएसआई और सफाई कर्मचारियों की टीम तैनात करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके।

### जनता का विश्वास ही सबसे बड़ी ताकत : रेणु

**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने शनिवार को अपने निवास पर पहुंचे नागरिकों से आत्मीय मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और सहयोग ही जनप्रतिनिधि को समाजहित में निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देता है। महापौर ने कहा कि परिवार और समाज का स्नेह, विश्वास और शुभकामनाएं जनसेवा के प्रति समर्पण को और अधिक मजबूत बनाती हैं। जनप्रतिनिधि और समाज के बीच विश्वास का रिश्ता जितना मजबूत होगा, विकास कार्य उतनी ही गति से आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि शहर के विकास, जनसुविधाओं के विस्तार और नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है। जनता के सहयोग और आशीर्वाद से करनाल को स्वच्छ, विकसित और जनहितकारी शहर बनाने का संकल्प निरंतर पूरा किया जाएगा।

### बरसात में भी नहीं टूटा योग साधकों का उत्साह

**करनाल।** लगातार हो रही बरसात के बावजूद हमारा मिशन स्वस्थ भारत की ओर से संचालित योग कक्षा में लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। बड़ी संख्या में साधक नियमित रूप से योगाभ्यास करने पहुंचे और योगाचार्य नवीन संदूजा के मार्गदर्शन में योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योगाचार्य नवीन संदूजा ने कहा कि योग शरीर और मन दोनों को स्वस्थ एवं मजबूत बनाने का सशक्त माध्यम है। नियमित योग से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और व्यक्ति प्रकृति के साथ जुड़कर मानसिक शांति प्राप्त करता है। अब लोग योग के महत्व को समझ चुके हैं और अपने पड़ोसियों को भी योग कक्षा से जोड़ रहे हैं। उन्होंने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### चार रंगों के कूड़ेदानों के उपयोग की दी जानकारी

# कचरे का पृथक्करण घर से करें, तभी बनेगा स्वच्छ शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

■ नगर निगम ने तेज किया जनजागरूकता अभियान

नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा के निर्देशानुसार शहर में कचरा पृथक्करण (सोर्स सेग्रीगेशन) को लेकर सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियों में तेजी लाई गई है। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत निगम की टीमें घर-घर जाकर नागरिकों को गीले और सूखे कचरे सहित अन्य अपशिष्टों के पृथक्करण के प्रति जागरूक कर रही हैं, ताकि शहर में शत-प्रतिशत कचरा पृथक्करण का लक्ष्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।

निगमायुक्त सलोनी शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वच्छ एवं सुंदर शहर के निर्माण में जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को घर से ही कचरे का पृथक्करण करने और निर्धारित श्रेणी के अनुसार उसका निस्तारण करने के लिए प्रेरित किया जाए। जब तक स्रोत स्तर पर कचरे को अलग-अलग नहीं किया जाएगा, तब तक वैज्ञानिक एवं प्रभावी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संभव नहीं हो सकेगा। इन निर्देशों के तहत अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार के नेतृत्व में जोन प्रभारियों और स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की टीमों ने वार्डवार अभियान तेज कर दिया है। टीमें प्रतिदिन कूड़ा संग्रहण वाहनों के साथ-साथ पैदल घर-घर पहुंचकर नागरिकों, दुकानदारों और संस्थानों को कचरा पृथक्करण के महत्व की जानकारी दे रही हैं। साथ ही लोगों को बताया जा रहा है कि अलग-अलग प्रकार के कचरे को अलग रखने से उसके वैज्ञानिक निस्तारण में सुविधा होती है और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छ शहर की शुरुआत घर से होने वाले कचरा पृथक्करण से होती है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने घर और प्रतिष्ठान पर कचरे को अलग-अलग एकत्रित करेगा तो सफाई व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, संसाधनों का पुनर्चक्रण आसान होगा और लैंडफिल में जाने वाले कचरे की मात्रा भी कम होगी।



**करनाल।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत घर-घर जाकर नागरिकों को कचरा पृथक्करण के प्रति जागरूक करती नगर निगम की टीम।

### चार रंगों के कूड़ेदानों का बताया महत्व

नागरिकों को सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुरूप कूड़ेदानों के उपयोग की जानकारी दी जा रही है।

**हरा कूड़ेदान:** रसोई का गीला एवं जैविक कचरा जैसे सब्जियों और फलों के छिलके, बचा भोजन, चाय की पत्ती, फूल-पत्तियां और बगीचे का जैविक कचरा।

**नीला कूड़ेदान:** कागज, गत्ता, प्लास्टिक, कांच, धातु, बोतलें और अन्य पुनर्चक्रण योग्य सामग्री।

**लाल कूड़ेदान:** सैनिटरी नैपकिन, डायपर, बैंडेज, रुई, संक्रमित दस्ताने, एक्सपायरी दवाइयां, इंजेक्शन की सुइयां सहित बायोमेडिकल एवं संक्रमित कचरा।

**काला कूड़ेदान:** बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक कचरा, पेंट, रसायन, कीटनाशकों के डिब्बे, टूटा कांच, बल्ब, ट्यूबलाइट और अन्य अक्रिय अपशिष्ट।

# सशक्त बेटियां ही विकसित भारत की मजबूत नींव : रेणु बाला गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

■ 'समर्थ किशोरी आयाम' प्रशिक्षण शिविर में आत्मरक्षा, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन का दिया गया प्रशिक्षण

सेवा भारती हरियाणा प्रदेश द्वारा आयोजित 'समर्थ किशोरी आयाम' प्रशिक्षण कार्यक्रम में किशोरियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को आत्मरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता और आपदा प्रबंधन का व्यवहारिक प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाना रहा।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि किशोरियों को संस्कार, शिक्षा और सुरक्षा के साथ आत्मनिर्भर बनाने में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सक्षम और आत्मविश्वासी बेटियां ही समाज और राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि आज की सशक्त बेटी ही कल के सशक्त समाज और विकसित भारत की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षा के साथ आत्मरक्षा, अनुशासन और आपदा जैसी परिस्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण भी मिलना चाहिए।



**करनाल।** समर्थ किशोरी आयाम प्रशिक्षण कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते अतिथि

सेवा भारती का 'समर्थ किशोरी आयाम' अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में सराहनीय प्रयास है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के डॉ. प्रीतम, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा, सेवा भारती के अध्यक्ष विपिन अरोड़ा, उपाध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता, चेयरपर्सन मेघा भंडारी, डॉ. मंजुषा, अलका चौधरी, स्वतंत्र कुकरेजा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# समाज के सहयोग से टीबी मुक्त भारत का सपना होगा साकार

■ संजीव बंसल चैरिटेबल ट्रस्ट ने टीबी मरीजों के लिए पौष्टिक आहार अभियान शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

लिबर्टी शूज के प्रबंध निदेशक एवं संजीव बंसल चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन शम्मी बंसल ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को आगे आना चाहिए। सरकार के प्रयास सराहनीय हैं, लेकिन मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने में सामाजिक भागीदारी भी बेहद जरूरी है।

वह संजीव बंसल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संजीव बंसल सिग्नस उजाला अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी सीएमओ डॉ. सिम्मी अग्रवाल ने की। इस दौरान टीबी मरीजों के लिए पौष्टिक आहार वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया।

शम्मी बंसल ने बताया कि अभियान के तहत प्रत्येक सप्ताह 25 टीबी मरीजों को छह माह के लिए पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा। ट्रस्ट स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है तथा कुल 250 मरीजों को इस योजना का लाभ मिलेगा। जिले में अब तक दो हजार से अधिक टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा चुका है। वर्तमान में 2400 से अधिक मरीज उपचाराधीन हैं। उन्होंने शहर की सामाजिक संस्थाओं और नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर यूनिट हेड डॉ. सतबीर, सुशील शर्मा, रविंद्र संधु, अनिल कुमार और डॉ. मीर महफूज सहित अस्पताल के चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पौष्टिक आहार प्राप्त कर टीबी मरीजों के

# नगर खेड़े पर आज 'एक शाम प्रभु राम के नाम' कार्यक्रम

■ सुख-शांति, भाईचारे, सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं की ओर से शहर में सुख-शांति, आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 12 जुलाई को नगर खेड़े पर धार्मिक कार्यक्रम एक शाम प्रभु राम के नाम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर बाद शुरू होगा, जिसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारे के प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर नई अनाज मंडी में एक बैठक का आयोजन किया गया और पूरे कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। आयोजक रिंकू राणा व संदीप गर्ग ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य शहर में प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और लोगों में सकारात्मक संदेश पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि एक शाम प्रभु श्री राम कार्यक्रम में कलाकार सुमित सपड़ा व आशा वधवा भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे।सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के सदस्यों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने, प्रभु श्रीराम के भजनों एवं धार्मिक आयोजन का आनंद लेने तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# अफसरों को समस्याएं निपटाने के निर्देश

■ घरौंडा में विस अध्यक्ष का जन सुनवाई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आज जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने तीन घंटे से अधिक समय तक लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अफसरों को उनके निपटारे के निर्देश दिए।

सुबह बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग अपनी समस्याएं/मांगें लेकर रेस्ट हाउस पहुंच गए थे। श्री कल्याण ने एक-एक कर सभी की समस्याओं को सुना। कई गांवों के लोगों सामूहिक मांगें भी उनके सम्मुख रखीं। मोहद्दीन के लोगों ने स्कूल व खेल के मैदान की चहारदीवारी कराने, गेट बनवाने व



फिरनी के लिए और ग्रांट भिजवाने घरौंडा वासियों ने शहर की कुछ कालोनियों की कच्ची गलियों का पक्की कराने, मलिकपुर के लोगों ने सुरेश के मकान से रतन के घर तक नाले का निर्माण कराने की मांग रखी। कल्याण ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं व मांगों पर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी, मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजकुमार पालीवाल, नगर पालिका सचिव रवि प्रकाश शर्मा, डीएसपी मनोज कुमार, पंचायती राज विभाग के एक्सईएन प्रदीप धीमान, एसडीओ जयभगवान, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम से कार्यकारी अभियंता राजीव ढिल्लों, एचएचवीपी के एसडीओ सुभाष आदि मौजूद रहे।

### जनसंख्या दिवस पर स्वास्थ्य व कानूनी अधिकारों के प्रति किया जागरूक

# हेल्प डेस्क लगाए, परिवार नियोजन पर दिया संदेश

■ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और नागरिक अस्पताल ने किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और नागरिक अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने की। कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं सिविल अस्पताल में आयोजित शिविर में चिकित्सकों ने परिवार नियोजन, बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। सीजेएम मीनाक्षी यादव ने महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा शिविर में मिली जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की। पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वालंटियर्स ने हेल्प डेस्क लगाकर निःशुल्क कानूनी सेवाओं, नालसा योजनाओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।



**करनाल।** विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित जागरूकता शिविर में लोगों को स्वास्थ्य और कानूनी अधिकारों की जानकारी देते अधिकारी।

### एसएमएस स्कूल मे जागरूकता कार्यक्रम

**तरावड़ी।** एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न होने वाली समस्याओं एवं जनसंख्या संतुलन के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों द्वारा जनसंख्या नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण, संसाधनों के संतुलित उपयोग तथा स्वस्थ एवं समृद्ध समाज के निर्माण से संबंधित प्रभावशाली भाषण, स्लोगन प्रस्तुति, प्रश्नोत्तरी एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभावों तथा छोटे परिवार के महत्व का संदेश दिया।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बांटे जाएंगे ढाई लाख पौधे

**करनाल।** हरियाणा वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'एक पेड़ मां के नाम' वर्ष 2026 अभियान के तहत निशुल्क पौधा वितरण शुरू कर दिया है। अभियान के तहत करनाल जिले में करीब 2.50 लाख पौधे स्कूलों, शिक्षण संस्थानों, पंचायतों और आम नागरिकों को वितरित किए जाएंगे। वन मंडल अधिकारी नवल किशोर ने बताया कि करनाल, असंध, इंद्री और घरौंडा रेंज की 11 वन नर्सरियों में करीब 8.50 लाख छोटे और 2.50 लाख बड़े पौधे तैयार किए गए हैं। अभियान के तहत फलदार, छायादार, औषधीय और सजावटी प्रजातियों के पौधे उपलब्ध हैं। नागरिकों, पंचायतों, सामाजिक संगठनों और शिक्षण संस्थानों से अधिक से अधिक पौधे लेकर उनका रोपण करने तथा नियमित देखभाल करने की अपील की है।

## न्यूज डायरी

### चावल व्यापार के तौर-तरीके में बदलाव : गोयल

**तरावड़ी।** विदेशों में अगर चावल का व्यापार करना है तो थोड़ा रिक्स लेना पड़ता है अगर चावल के एक्सपोर्ट का काम करने वाले चावल व्यापारियों का पैसा विदेशों में न रुके तो चावल का व्यापारी इस काम में कभी फेल नहीं हो सकता। चावल का व्यापारी मंडी की देनदारी से उस समय हाथ खड़े कर देता है जब उसका पैसा विदेशों में डूब जाता है। अब चावल के व्यापार करने के तौर-तरीके में काफी बदलाव आ गया है। व्यापारी विदेश में बैठे चावल व्यापारी की जब तक पूरी जन्म कुंडली नहीं खंगाल लेता तब तक वह चावल को विदेश नहीं भेजता। अब धान अधिकतर मंडियों से नकद खरीद किया जाता है पर पहले ऐसा नहीं था। व्यापार कोई भी वह बिना विश्वास के चल नहीं सकता। जब इस मामले को लेकर डबल चाबी चावल के निर्माता पुष्कर गोयल एवं उद्योगपति यश सलूजा से बात की तो उन्होंने कहा कि अगर मंडियों में बैठा आढ़ती धान को उधार में नहीं बेचेगा तो उसकी आय में बढ़ौतरी कैसे होगी। इसलिए व्यापार में तो विश्वास करके चलना ही पड़ता है लेकिन हमारी तरावड़ी की राइस मिलों में तैयार होने वाले बासमती चावल की दुबई, ईरान, इराक, यमन, सऊदी अरब में इतनी मांग बनी रहती है कि कई बार चावल की मांग को पूरा करना भी एक तरह से चुनौती बन जाता है। इस अवसर पर उद्योगपति यश सलूजा मुख्य रूप से मौजूद थे।

### श्रीराम हर युग का श्रेष्ठ अवतार: साध्वी राधा



**तरावड़ी।** श्री मद्भागवत ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत अमीर चंद मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन की कथा मे पूर्व मंडी प्रधान शीशपाल गुप्ता ने ज्योति प्रचंड करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छठे दिन की कथा मे कथा व्यास साध्वी राधा शास्त्री ने कहा कि श्री हरि विष्णु मनु और सतरूपा को दिऐ वचन के अनुसार श्री राम और कृष्ण के रूप मे धरती पर अवतरित हुए है। उन्होंने प्रभु श्री हरि राम की कथा सुनाई और उनको मर्यादा पुरुषोत्तम बताकर हर युग का श्रेष्ठ अवतार बताया है उन्होने भागवत कथा को भक्त से भगवान के मिलन की कथा बताई है । कथा व्यास ने बताया कि बाबा भोलेनाथ हमेशा राम को अपना प्रभु माने और हर अवतार मे उनके साल रूप का दर्शन किए। बाल कृष्ण का दर्शन करने को देखने के लिए बाबा भोले नाथ भी गोपी बनकर मथुरा आते है। इसके बाद श्री कृष्ण और राधा के रासलीला की कथा सुनाई। उन्होने कहा कि रासलीला प्रभु से आत्मा का मिलन है इसमे आत्मा और परमात्मा एक दूसरे मे समा जाते है। उन्होने बताया कि हर गोपी प्रभु के प्रेम मे अपने की समर्पित कर परमात्मा से मिलने को व्याकुल थी। इस दौरान साध्वी राधा शास्त्री ने पूर्व मंडी प्रधान शीशपाल गुप्ता को राधा-रानी का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कथा के समापन पर आरती की गई तथा सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर शिव शक्ति संकीर्तन मंडल के संरक्षक हंसराज पाहूजा, पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा, प्यारेलाल काठपाल, राजेश जैन, रमेश अरोड़ा, मदनलाल गिरधर, संतोष देवी, ममता रानी, भास्कर लूथरा, सुदर्शन सरदाना आदि उपस्थित रहे।

### मेडिटेशन व संतुलित जीवनशैली जरूरी : कौशिक



**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन के हर्षवर्धन सभागार में /"मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन/" विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें सिविल अस्पताल करनाल की नोडल अधिकारी डॉ. सौभाग्या एस. कौशिक मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया और तनावमुक्त जीवन के लिए व्यावहारिक उपाय बताए। डॉ. सौभाग्या कौशिक ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए हरियाणा पुलिस अकादमी की निदेशक कला रामचंद्रन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ होने का भी प्रतीक है। बेहतर मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति को सही निर्णय लेने, रिश्तों को मजबूत बनाए रखने और चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में मदद करता है। वर्तमान समय की तेज़ रफ्तार जीवनशैली में तनाव तेजी से बढ़ रहा है और प्रत्येक आठ में से एक व्यक्ति इससे प्रभावित है। पढ़ाई का दबाव, नौकरी की चिंता, पारिवारिक और आर्थिक समस्याएं इसके प्रमुख कारण हैं। सीमित मात्रा में तनाव प्रेरक हो सकता है, लेकिन लंबे समय तक रहने वाला तनाव अनिद्रा, चिड़चिड़ापन, चिंता, अवसाद, उच्च रक्तचाप और कार्यक्षमता में कमी जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। उन्होंने नियमित योग, व्यायाम, ध्यान, पर्याप्त नींद, संतुलित भोजन, परिवार और मित्रों के साथ समय बिताने तथा समय प्रबंधन को मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने सोशल मीडिया का संतुलित उपयोग करने और मानसिक परेशानी लंबे समय तक रहने पर विशेषज्ञ से सलाह लेने की अपील भी की। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक मनीषा, निरीक्षक राजबीर सिंह, निरीक्षक सीमा तथा हरियाणा पुलिस अकादमी का आउटडोर एवं इंडोर स्टाफ मौजूद रहा।

### ग्राम सभा मजबूत होगी तो विकास भी होगा



**करनाल।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में विभिन्न राज्यों के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों तथा कार्यकारी अभियंताओं के लिए आयोजित छह दिवसीय क्षमता विकास कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ।

समापन सत्र में संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण विकास की वास्तविक सफलता तभी संभव है, जब प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में उतारा जाए। उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक विकास खंड की कम से कम एक ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम सभा के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना बनाकर उसे धरातल पर लागू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पंचायती राज अधिनियम में जिस आदर्श ग्राम सभा की परिकल्पना की गई है, वह अभी भी अधिकांश स्थानों पर दिखाई नहीं देती। गांव की संसद को प्रभावी बनाए बिना सच्चे ग्राम स्वराज की कल्पना अधूरी है। सशक्त ग्राम सभा ही पारदर्शी, सहभागी और जवाबदेह पंचायत व्यवस्था की आधारशिला है। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद की डॉ. आकांक्षा शुक्ला और डॉ. सुचारिता पुजारी ने प्रतिभागियों से नवाचार, जनभागीदारी और सुशासन के सिद्धांतों को कार्यशैली में अपनाने का आग्रह किया। राजौंद की बीडीपीओ अनु टांक, लद्दाख से आए प्रतिभागी मोहम्मद ईसा, बबैन के बीडीपीओ आशुतोष तथा सिरसा के कार्यकारी अभियंता गौरव भारद्वाज ने भी प्रशिक्षण के अनुभव साझा किए।इस अवसर पर हरियाणा, लद्दाख तथा विभिन्न राज्यों से आए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, कार्यकारी अभियंता और अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### व्यक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं अनुभव

**करनाल।** बदलते सामाजिक परिवेश में आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और मानसिक मजबूती जैसे विषयों पर खुलकर चर्चा हो रही है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए पंजाबी संगीत जगत की चर्चित गायिका सिमरन कौर धडली का नया सिंगल हाल मित्रा रिलीज हुआ है। सिमरन कौर धडली ने इस गीत में एक ऐसी युवती की कहानी प्रस्तुत की है, जो रिश्ता टूटने के बाद बिखरती नहीं, बल्कि अपनी पहचान, गरिमा और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ती है। गीत में बदले की भावना के बजाय व्यक्तिगत विकास, आत्मनिर्भरता और सकारात्मक सोच को प्रमुखता दी गई है। सिमरन कौर धडली का कहना है कि ऐसे अनुभव व्यक्ति को और अधिक मजबूत बनाते हैं तथा आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। गीत महिलाओं के साथ-साथ युवाओं को भी यह संदेश देता है कि किसी भी रिश्ते से बढ़कर व्यक्ति का आत्मसम्मान और आत्मविश्वास होता है।

## कोई भी बच्चा शिक्षा से न रहे वंचित, सभी करें ऐसा प्रयास : जिला शिक्षा अधिकारी

# प्रवासी परिवारों के बीच पहुंचा शिक्षा रथ, टीम ने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए किया प्रेरित

**सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध आधुनिक एवं निःशुल्क सुविधाओं की जानकारी दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। डीईओ राकेश बूरा, प्रवासी बच्चों के बीच शिक्षा का प्रचार करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अधिकांश लोग जहां शनिवार की छुट्टी अपने परिवार के साथ बिताते हैं, वहीं जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने अवकाश के दिन भी शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए स्वयं शिक्षा रथ के साथ सनौली रोड स्थित पुरानी सब्जी मंडी एवं आसपास के क्षेत्रों में घर-घर जाकर जन-जागरण अभियान चलाया। उनके साथ जिला कल्चरल कोऑर्डिनेटर संदीप रत्तेवाल तथा शिक्षक हरिओम भी पूरे उत्साह के साथ मौजूद रहे।

टीम ने क्षेत्र में रहने वाले प्रवासी परिवारों से मुलाकात कर उन्हें अपने बच्चों का प्रवेश निकटवर्ती सरकारी विद्यालयों में करवाने के लिए प्रेरित किया। विशेष रूप से यह बताया गया कि जुलाई माह में बड़ी संख्या में प्रवासी परिवार पुनः पानीपत लौटते हैं, इसलिए यह समय बच्चों के नामांकन के लिए सबसे उपयुक्त है। शिक्षा रथ के माध्यम से प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध आधुनिक एवं निःशुल्क सुविधाओं की विस्तृत जानकारी गई। उन्होंने लाडो लक्ष्मी योजना सहित सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी तथा कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर नई योजनाएं लागू कर रही है। बूरा ने कहा कि पानीपत जिला शिक्षा, खेल, संस्कृति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं और जिले का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे निजी विद्यालयों के भ्रम से बाहर निकलकर अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी विद्यालयों में अवश्य करवाएं।

### बच्चों के विकास के लिए शिक्षा जरूरी

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री राकेश बूरा ने कहा कि हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना शिक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज सरकारी विद्यालय किसी भी निजी विद्यालय से कम नहीं हैं। विद्यालयों में अनुभवी शिक्षक, स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल बोर्ड, विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, खेल सुविधाएं, कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियां, योग, ई-अधिगम, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सहित विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने अभिभावकों को बताया कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, वर्दी, छात्रवृत्तियां, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ, मिशन बुनियाद, निपुण भारत मिशन, ई-अधिगम, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों जैसी अनेक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

# पानीपत के हर स्कूल में बोर्ड पर दर्ज होगी दैनिक विद्यार्थियों की उपस्थिति

- प्रति दिन डीईओ में पहुंचेगी रिपोर्ट, बच्चों की पढ़ाई में लापरवाही नहीं की जाएगी
- अनुपस्थित विद्यार्थियों पर रहेगी रोजाना नजर, शिक्षा व्यवस्था को सशक्त करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला के शहरी व ग्रामीण अंचल के राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कर शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने जिले के सभी सरकारी विद्यालयों को निर्देश देते हुए कहा है कि अब प्रत्येक स्कूल के हेड मास्टर को प्रतिदिन विद्यार्थियों की उपस्थिति का पूरा विवरण विद्यालय के सूचना बोर्ड पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही प्रतिदिन की उपस्थिति रिपोर्ट सुबह साढे नौ बजे तक जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय में भेजना भी सुनिश्चित करना होगा। डीसी डॉ. वशिष्ठ ने कहा कि राजकीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यार्थी की शिक्षा केवल स्कूल में नामांकन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उसकी नियमित उपस्थिति भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्य करने की आवश्यकता है, जिससे प्रत्येक विद्यालय की वास्तविक स्थिति पर प्रतिदिन निगरानी रखी जा सके। उन्होंने बताया कि विद्यालयों के सूचना बोर्ड पर कुल नामांकित विद्यार्थियों की संख्या, उपस्थित विद्यार्थियों की संख्या तथा अनुपस्थित विद्यार्थियों की संख्या स्पष्ट रूप से अंकित की जाएगी।

## न्यूज डायरी

### तीन किशोर लापता, तलाश में जुटी पुलिस

**पानीपत।** पानीपत के मॉडल टाउन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ईदगाह कॉलोनी से तीन नाबालिग किशोर पंद्रह वर्षीय अभिषेक, अमर सिंह, आकाश कुमार के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। तीनों की कॉलोनी के ही निवासी लड़कों के साथ हुई मारपीट हुई और इसके बाद तीनों किशोर डर के मारे कहीं चले गए या उनका अपहरण कर लिया गया है। इधर, तीनों किशोरी की माताओं मंगली, तारा देवी व धनवती ने अभिषेक, अमर व आकाश के लापता होने की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने तीनों किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस ने दो वाहन चोर पकड़े

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने चार पहिया वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के सरगना सहित दो आरोपियों मुबिन पुत्र जरिफ निवासी निवासी गांव लापरा खुर्द जिला यमुनानगर व तासिन पुत्र बबू निवासी गांव कुडा जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से इक्को, पिकअप और टाटा एस (छोटा हाथी) वाहन चोरी की पांच वारदातों का खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक इक्को गाड़ी व वारदात में प्रयुक्त एक चोरी की स्प्लेंडर बाइक बरामद की। सीआईए थ्री प्रभारी सुभाष ने बताया कि इक्को गाड़ी चोरी की वारदात बारे थाना समालखा में विकास निवासी भापरा की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। वहीं, आरोपी मुबिन पेशेवर अपराधी है और उस पर यमुनानगर में छह अपराधिक केस दर्ज है।

### मोदी की रैली ऐतिहासिक होगी : डॉ.गुप्ता

**पानीपत।** भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता ने कहा कि 17 जुलाई को जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा हरियाणा के विकास के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगी। यह आयोजन प्रदेश को आधुनिक बुनियादी ढांचे, हरित तकनीक और जनकल्याण से जुड़ी अनेक बड़ी सौगातें देने वाला ऐतिहासिक अवसर भी बनेगा। प्रदेश अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज आधुनिक, हरित और भविष्य की तकनीकों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसी सोच का परिणाम है कि पीएम मोदी 17 जुलाई को हरियाणा को हाइड्रोजन आधारित रेल परियोजना जैसी ऐतिहासिक सौगात देंगे।

### विश्व मस्तिष्क दिवस मनाया

**पानीपत।** आर्य बाल भारती विद्यालय में विश्व मस्तिष्क दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.अशोक आर्य ने की। आर्य समाज काबड़ी के उप प्रधान मुख्य वक्ता इस कार्यक्रम में शामिल हुए। मंच संचालन उपचार्य जगदीश आर्य ने किया। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया। विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने संदेश दिया कि सभी आर्य शिक्षण संस्थानों में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उच्च कोटि के संस्कार भी दिए जाते हैं और विद्यालयों में सभी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दिवस भी मनाए जाते हैं।

### किवाना में एसएमसी की बैठक

**समालखा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किवाना में स्कूल प्रबंधन समिति एसएमसी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बताया गया कि 19 जुलाई को मुख्यमंत्री राज्यभर के एसएमसी सदस्यों से ऑनलाइन संवाद करेंगे। बैठक में स्कूल विकास, शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधनों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही बायोलॉजी प्राध्यापक की नियुक्ति, कंप्यूटर व भाषा लैब, मुख्य गेट और चारदीवारी निर्माण के प्रस्ताव पारित किए गए।

### सर्वश्रेष्ठ बीएलओ होगे सम्मानित

**पानीपत।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिले में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य बहुत तेज गति से जारी है। छुट्टी के दिन भी अधिकारी अपने लक्ष्य को पूरा करने में लगे हैं। वहीं, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ स्वयं अभियान की लगातार निगरानी कर रहे हैं और सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि एसआईआर अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने का महत्वपूर्ण कार्य है और इसमें प्रत्येक बीएलओ की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि 14 जुलाई तक निर्धारित कार्य पूरा करने वाले प्रत्येक ब्लॉक के पांच उत्कृष्ट बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उनकी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रतीक होगा। उपायुक्त ने कहा कि हर बीएलओ पूरी जिम्मेदारी के साथ घर-घर संपर्क कर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। प्रशासन सभी कर्मियों के साथ मजबूती से खड़ा है और विश्वास है कि पानीपत निर्धारित समय से पहले अपना लक्ष्य पूरा कर उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

### दलित वकीलों की बैठक में विचार-विमर्श

**पानीपत।** कांग्रेस ग्रामीण के कार्यायाल में कांग्रेस एससी विभाग ने किया दलित अधिवक्ताओं की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता एससी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बागड़ी ने की, जबकि अनुसूचित जाति विभाग की राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर मेघा सेहरा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक में हरियाणा कांग्रेस लीगल विभाग के अध्यक्ष लाल बाहदुर खोहाल, अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा कुटेल, महासचिव मनोज वाल्मीकि, तिलक राजौरा, सतपाल वाल्मीकि, पानीपत शहरी के जिला चेयरमैन नरेन्द्र भिवान एडवोकेट आदि ने शिरकत की।

### धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने प्लाट पर कब्जा करने की नीयत से धोखाधड़ी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने प्लाट पर कब्जा करने की नीयत से धोखाधड़ी करने के आरोपी दलजीत सिंह वासी जाम्बा जिला करनाल को गिरफ्तार में सफलता हासिल की है। शिकायत में सुरेन्द्र भारद्वाज वासी अंसल सुशांत सिटी पानीपत ने बताया अपना दर्द।

### भाजपा सरकार में क्राइम का ग्राफ बढ़ाः बलजीत

**पानीपत।** पानीपत शहरी कांग्रेस की मासिक बैठक कांग्रेस भवन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वरिंदर शाह एवं जिलाध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई। वहीं, कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार की लचर कार्यप्रणाली के चलते पानीपत जिला में क्राइम, भ्रष्टाचार व अपराध का ग्राफ तेजी से बढ रहा है। इसके चलते जनता दहशत में है। इस अवसर पर बडी संख्या में कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पानीपत। पुलिस अधक्षीक भूपेंद्र के साथ सम्मानित पुलिस टीम।

# एसपी ने पुलिस टीम को किया सम्मनित

- लकड़ी के ठेकेदार को बीस घंटों में आरोपियों से छुड़वाया था पुलिस टीम ने
- पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने टीम की तत्परता, साहस और पेशेवर कार्यशैली को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने शनिवार को अपने कार्यालय में अपहत लकड़ी ठेकेदार को सकुशल छुड़ाने और आरोपियों को गिरफ्तार करने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में थाना मतलौडा प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेश, सब इंस्पेक्टर महाबीर, सब इंस्पेक्टर बलराज, एएसआई दलेल, एएसआई युधिष्ठर, सिपाही सुमित, सिपाही प्रदीप एवं सिपाही सुरजीत शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने इस दौरान टीम की तत्परता, साहस और पेशेवर कार्यशैली की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# जनता का विश्वास खो चुकी है भाजपाः ब्रजेंद्र

- पूर्व सांसद बृजेंद्र ने सद्भावना यात्रा के बाद जिला स्तरीय सम्मेलन शुरू किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानपत। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष चौ .जगदेव मलिक, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पूर्व सांसद व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह ने कहा कि भले ही लोकसभा व विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं, वहीं, वर्ष 2024 के चुनावों के दौरान जनता की भाजपा सरकार से जो नाराजगी थी, वह आज भी जनता में ज्यों की त्यों बरकरार है। यह नाराजगी समय के साथ और बढ़ी जरूर होगी, जिसके चलते अगले चुनावों में परिणाम पूरी तरह बदले हुए मिलने के साफ संकेत हैं। आईएएस से कांग्रेसी नेता बने बृजेंद्र सिंह, शनिवार को पानीपत के निधिवन में हरियाणा हैंडलूम अपेक्स व कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी जगदेव मलिक व राहुल मलिक उग्राखेडी द्वारा आयोजित कांग्रेसी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने से पहले मीडिया से बातचीत कर रहे थे। पूर्व सांसद सिंह ने दावा किया कि सद्भाव यात्रा से कांग्रेस को मजबूती मिली और नए कार्यकर्ता कांग्रेस से जुडे। उन्होंने बताया कि पहले चरण में पूरे प्रदेश में सद्भावना यात्रा निकाली गई थी और अब प्रदेश के सभी जिलों में जाकर सीधे कार्यकर्ताओं से मिला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में पानीपत का यह पहला जिला स्तरीय कार्यक्रम है वहीं कार्यक्रम में उमडी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड से यह साबित हो गया है पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने राजनीति में वंशवाद के आरोपों पर कहा कि लोकतंत्र में और विशेषकर राजनीति में कोई विरासत नहीं होती। उन्होंने सस्पेक्टेड इमिग्रेंट रजिस्टर यानि एसआईआर पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल खडे करते हुए कहा कि इलेक्शन कमीशन कोर्ट में कहता है कि एआईआर में जो हमारी लिस्ट बनती है, उसका और किसी सरकारी स्कीम से कोई लेना-देना नहीं है। इधर, सम्मेलन को चौधरी जगदेव मलिक, पूर्व विधायक शमशेर गोगी, राहुल मलिक उग्राखेडी, महेंद्र कादयान, डॉ ओमवीर पंवार, विक्रम शाह, सुरेंद्र खर्ब, जगदीप मलिक, राहुल मलिक, निखिल मलिक, रघबीर संधू आदि मौजूद रहे।

### पार्टी में गुटबाजी खत्म होने की ओर

पूर्व सांसद सिंह ने कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी खत्म होने की ओर है, पार्टी के नेताओं के बीच तालमेल लगातार बढ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को होने वाले जींद दौरे और देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के मुद्दे पर बृजेंद्र सिंह ने चुटकी लेते हुए उन्होंने तंज कस कि पता नहीं उस ट्रेन से क्या निकलेगा क्या नहीं। हालांकि, उन्होंने तकनीकी विकास की सराहना करते हुए कहा कि वैसे ग्रीन टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाना बहुत अच्छा है।

# प्रत्याशी अमित को मिल रहा है अपार समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। अंसल आरडब्ल्यूए के प्रधान प्रत्याशी अमित वर्मा अपनी टीम के साथ मैनीफेस्टो जारी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अंसल सुशांत सिटी की आरडब्ल्यूए चुनाव के मद्देनज़र प्रधान पद के प्रत्याशी अमित वर्मा एवं उनकी टीम ने शनिवार को अपना अंसल विकास संकल्प पत्र (मैनीफेस्टो) जारी किया।

इस संकल्प पत्र में अंसल के समग्र विकास, बेहतर आधारभूत सुविधाओं, सुरक्षा, स्वच्छता एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली के लिए समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत की गई है। वहीं, अंसल निवासियों का अमित वर्मा को सशक्त आशीर्वाद मिल रहा है। संकल्प पत्र में अमित वर्मा ने अंसल में पेयजल के लिए दो ट्यूबवेल लगवाने, सभी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कर उन्हें चालू कराने, असंल को स्वच्छ करने को सफाई अभियान चलवाने, गेट-2 पर फाउंटेन को चालू कराने, अगले दो महीनों में सभी सड़कों का पैचवर्क, सभी प्रवेश द्वारों पर बूम बैरियर लगाने तथा एफ ब्लॉक की सड़क निर्माण कराने, सभी पार्कों का सौंदर्यकरण सुरक्षा के लिए अंसल में आधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने का वादा किया है। टीम के प्रवक्ता सुरेंद्र राणा व प्रवीण ढींगरा ने दावा किया कि संकल्प पत्र में असंल निवासियों से किए हर वादे को पूरा किया जाएगा। वहीं, टीम अमित में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए एसके बंसल, उपाध्यक्ष के लिए दिनेश गुप्ता, सचिव के लिए मनोज अस्थाना, सह सचिव पद के लिए कोषाध्यक्ष मनु देव, संयुक्त सचिव के लिए कविता अरोड़ा, ब्रिज मोहन, संगठन सचिव आनंद मलिक, संयुक्त संगठन सचिव रमेश कुमार समेत बडी संख्या में असंल निवासी उपस्थित रहे।

# पानीपत को क्राइम फ्री जिला बनाया जा रहा : एसपी

- पुलिस कप्तान ने थानेवार अपराध समीक्षा बैठक की
- अधिकारियों को अपराधियों से सख्ती से निपटने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने शनिवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधकों, क्राइम युनिट प्रभारियों और चौकी इंचार्जों के साथ महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिले की कानून एवं व्यवस्था, अपराध की स्थिति तथा दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह ने बैठक में अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने, लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा करने तथा थानों और चौकियों की कार्यप्रणाली में सुधार को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट एवं कड़े दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एएसपी हर्षित गोयल आईपीएस, डीएसपी मुख्यालय मुकेश कुमार, डीएसपी सुरेश कुमार सैनी, डीएसपी नवीन संधू, डीएसपी आत्माराम, डीएसपी प्रणय कुमार, डीएसपी विकास सहित जिले के सभी थाना प्रबंधक, क्राइम युनिट प्रभारी और चौकी इंचार्ज मौजूद रहें। एसपी सिंह ने बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट किया कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की जांच और निपटारा निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। थाना प्रबंधक ऐसे मामलों की स्वयं निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि पीड़ित को समय पर उचित न्याय मिले। उन्होंने कहा कि किसी भी दर्ज मुकदमे की जांच को बिना ठोस कारण लंबे समय तक लंबित न रखा जाए।





पानीपत। उपायुक्त अपनी टीम के साथ मुख्यमंत्री के साथ वीसी पर बैठक करते हुए।

# पानीपत को जलभराव मुक्त करेगा प्रशासन

- उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ से बात की और मानसून को देखते की बैठक
- संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार की देर रात वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उपायुक्त पानीपत डॉ हरीश वशिष्ठ से बात की और मानसून को देखते हुए प्रशासन से सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जलभराव, बाढ़ तथा अन्य संभावित आपदाओं से निपटने के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं, डीसी डॉ वशिष्ठ ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को शहर की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और कहा कि शहर की मुख्य ड्रेनेज की सफाई करवा दी गई है। यमुना क्षेत्र से लगते तटबंध और गांव का भी निरीक्षण किया गया है और लोगों को एहतियात बरतने के भी निर्देश दिए गए हैं। वे स्वयं भी बारिश के मौसम को देखते हुए विभिन्न स्थानों का दौरा कर रहे हैं और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे इस समय अलर्ट रहें।

बैठक में निगम आयुक्त डॉ पंकज यादव, जिला परिषद की सीईओ डॉक्टर किरण सिंह, एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार, एसडीएम इसराना नवदीप सिंह,एसडीएम समालखा अमित कुमार, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता सुरेश सैनी जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता करण बहल सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### प्रशासन को सक्रिय रहने के निर्देश

डीसी डॉ वशिष्ठ ने वीडियो कांफ्रेंस के बाद संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में नालों एवं जल निकासी तंत्र की सफाई, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति की निरंतर उपलब्धता, सड़क मार्गों की निगरानी तथा स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने नगर निकाय के अधिकारियों को जलभराव वाले क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई करने तथा नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए। आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों को राहत एवं बचाव दल, आवश्यक उपकरण, नावें, पंपिंग सेट तथा अन्य संसाधनों को पूरी तरह तैयार रखने के लिए कहा गया। साथ ही उन्होंने नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**खबर संक्षेप**



## सेवा धाम आश्रम ने शुरू की शव वाहन सेवा

**बराड़ा।** सेवा धाम आश्रम साहा ने जनसेवा की दिशा में एक और सराहनीय कदम उठाते हुए गांव साहा एवं आसपास के क्षेत्रों के लिए निशुल्क शव वाहन सेवा का शुभारंभ किया है। यह शव वाहन स्वर्गीय कृष्ण लाल छाबड़ा की पावन स्मृति में सेवा धाम आश्रम को समर्पित किया गया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के प्रधान पंकज छाबड़ा ने कहा कि साहा क्षेत्र में लंबे समय से निशुल्क शव वाहन सेवा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। उन्होंने अपने स्वर्गीय पिता की स्मृति में यह वाहन सेवा धाम आश्रम को समर्पित करते हुए कहा कि इससे जरूरतमंद परिवारों को दुख की घड़ी में बड़ी राहत मिलेगी।

## पात्र लोग 14 तक भरवाएं अपना गणना प्रपत्र

**अंबाला।** अंबाला छावनी की एसडीएम कनिका गोयल ने शनिवार को एसडी कॉलेज के सभागार में बीएलओज की एक बैठक लेकर एसआईआर कार्य की समीक्षा करते हुए उन्हें इस कार्य को तेजी से करने बारे निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, नायब तहसीलदार हरिओम, कार्यकारी अभियंता साहिल शर्मा मौजूद रहे। एसडीएम ने बीएलओज को सम्बोधित किया।

## जनसंख्या दिवस की दी जानकारी

**शहजादपुर।** अतिरिक्त सिविल जज एवं चेयरमैन, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति चितेश गुप्ता के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत खेडकी जाटान में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। संजीव कुमार जौली ने पैरा लीगल वालंटियर मंजीत के साथ उपस्थित ग्रामीणों को विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## दुकान से 80 हजार और मोबाइल चोरी, केस दर्ज

**शहजादपुर।** ककड़माजरा में एक कबाड़ की दुकान से चोर द्वारा अस्सी हजार नगद और एक फोन चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में मूल रूप से बिहार के रहने वाले वीरेश कुमार ने बताया कि वह पिछले करीब दो साल से ककड़माजरा गांव में रह रहे हैं।

## प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग का आरोप

**नारायणगढ़।** प्रॉपर्टी डीलर ललित धीमान की कार पर 21 मार्च को गोलियां चलाने के मामले में सीआईए-1 की टीम ने मुख्य आरोपी गैंगस्टर वेंकेट गर्ग को एक बार फिर प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### किसानों की फसलें भी डूबी, लगाए धान की ताजी पनीरी को हो सकता है नुकसान

# बरसात से मारकंडा नदी में उफान हेमामाजरा के मकानों में घुसा पानी

- हर साल बरसाती पानी मचाता है तबाही
- ग्रामीणों की बढ़ी टेंशन, पूरी रात घर का सामान बचाने में गुजर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭मुलाना

पहाड़ी क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते क्षेत्र से निकलने वाली मारकंडा नदी उफान पर रही। शुक्रवार देर रात को मारकंडा नदी का जलस्तर इस सीजन के अपने अधिकतम स्तर 9 फीट करीब 43,200 क्यूसिक पर पंहुच गया। डा नदी अपने रौद्र रूप में थी। जिससे पानी अपने रास्ते से निकल कर आसपास के गांवों के खेतों में जा घुसा। इसके कारण फसलों को काफी नुक्सान पंहुचा। हालांकि शनिवार सुबह 9 बजे पानी का जलस्तर घटकर 5 फीट पर आ गया जोकि करीब 15 हजार क्यूसिक था।

इससे लोगों ने राहत की सांस ली। इसके बाद पानी ने यही स्तर काफी देर तक बनाएं रखा। शनिवार शाम 5 बजे मारकंडा नदी में पानी का स्तर 4.7 फीट करीब 14700 क्यूसिक दर्ज किया गया। इस स्तर पर मारकंडा नदी अपने रास्ते से सामान्य बहाव के साथ बह रही थी। संबंधित विभाग ने एडवाइजरी जारी की है कि नदी के तटबंधों पर न जाए।







**मुलाना।** रिहायशी भवनों में जमा पानी की जानकारी देती महिला व घरों व खेतों में जमा पानी का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### खुदाई से भी नहीं बदले हालात

गौरतलब है कि एक महीने से मारकंडा नदी की खुदाई का काम जोरों पर था, जिसके बाद उम्मीद थी कि स्थिति में सुधार होगा। हकीकत यह है कि सारी खुदाई और तैयारी के बावजूद पानी फिर से गांव के भीतर घुस आया। इससे प्रशासनिक दावों की पोल खोल दी है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन के सामने एक स्पष्ट मांग रखी कि नदी किनारे पक्की पटरी का निर्माण होना चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक नदी के किनारे तटबंध (पटरी) का स्थायी निर्माण नहीं होता, तब तक हर साल उन्हें इसी प्रकार के हादसों और नुकसान का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि हेमामाजरा में मारकंडा नदी किनारे पक्की पटरी बननी चाहिए तभी पानी रोके जाने का स्थाई समाधान हो पाएगा। नदी के पानी ने गांव के सैंकडों एकड़ खेतों तक मार की। जिससे किसानों की फसलों को काफी नुकसान पंहुचा है।

### किसी प्रकार का कोई इंतजाम नहीं

मारकंडा नदी का पानी शुक्रवार की देर रात्रि को ओवरफ्लो होते हुए खेतों के रास्ते से हेमामाजरा गांव तक पंहुच गया। पानी ज्यादा होने के चलते नदी का पानी देर रात करीब 11 बजे लोगों के घरों मे घुस गया। लोगों ने अपने घरों का सामान समेटने में रात गुजारी। ग्रामीण पवन कुमार, सुखबीर, अमरनाथ, नराता राम, डिंपल, कर्मचंद, मितलेश, वंदना, राजा राम के घरों में पानी घुसा। जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीण पवन कुमार, मितलेश, वंदना ने बताया कि घरों में हर साल मारकंडा नदी का पानी आता है। लेकिन कोई विभाग या प्रशासन इसका समाधान करने का कोई उपाय नही करता है। रात को घरों में पानी आते ही घर से बेड़, मंजे, टीवी, अलमारी व अन्य सामान घर से बाहर निकाला। सारी रात जाग कर काटी और सुबह पानी कम होने पर घरो से पानी बाहर निकाला। उन्होंने कहा था कि प्रशासन को पता था ज्यादा पानी आने पर घरों में पानी आता है। लेकिन यहां किसी प्रकार का कोई इंतजाम नहीं किया। जिसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ रहा है।

## अंडरपास में जमा हुआ पानी

**बराड़ा।** दो दिनों से जारी बारिश के कारण अंडरपास की दीवारों से लगातार हो रहे रिसाव और जल निकासी के पुख्ता इंतजाम न होने से यहां करीब डेढ़ फुट पानी जमा हो गया है। अंधेरे और पानी के कारण दोपहिया वाहन चालकों के लिए जान जोखिम में डालकर गुजरना मजबूरी बन गया है। पैदल यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है, क्योंकि वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना समय साध्य है। दशकों से आवागमन का मुख्य केंद्र रहा यह अंडरपास अब हादसों को न्योता दे रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन व रेलवे से तत्काल जल निकासी और रोशनी की व्यवस्था करने की मांग की है।

## सीएम ने लिया अपडेट

**अंबाला।** उपायुक्तत अजय सिंह तोमर ने बताया कि मानसून सीजन में जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए विभागीय टीमें फील्ड में काम कर रही हैं। बीते रोज बरसात के चलते टांगरी नदी, मारकंडा नदी व घग्गर नदी का अचानक जलस्तर बढ़ गया था। इसको लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से मानसून सीजन के तहत ड्रेनों की सफाई व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर जरुरी निर्देश दिए। तोमर ने बताया कि मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए जो भी मुख्य ड्रेनों की सफाई करवाई गई थी। सभी विभागीय अधिकारी बेहतर समन्वय बनाकर ड्रेनों की सफाई का कार्य किया है। मानसून सीजन के तहत विभागों द्वारा कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।

## नदियों के जलस्तर की समीक्षा की

**अंबाला।** अंबाला छावनी की एसडीएम कनिका गोयल ने शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों व नगर परिषद के सदस्यों की बैठक लेकर टांगरी व अन्य नदियों में आए 25 हजार क्यूसिक पानी को लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रबंधन के तहत किए गए कार्यों की भी समीक्षा करते हुए जरुरी निर्देश दिए। एसडीएम ने टांगरी नदी के साथ-साथ रिहायशी व ग्रामीण क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी की स्थिति को लेकर भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है तो पटवारी, ग्राम सचिव व इसके साथ-साथ फील्ड ऑफिसर सचेत रहें। तुरंत प्रशासन को अवगत करवाएं ताकि समय रहते स्थिति से निपटा जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी कॉलोनी में पानी भरता है तो विभागीय टीमें तुरंत पानी निकासी के प्रबंध करें। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि टांगरी नदी के नजदीक जो जल घर हैं उनके पानी की टेस्टिंग कर लोगों को क्लोरिन युक्त पेय जल उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग व नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए सभी व्यापक प्रबंध सुनिश्चित होने चाहिएं। इस दौरान कार्यकारी अभियंता हरबंश सिंह, नायब तहसीलदार आशीष, नायब तहसीलदार हरिओम भी मौजूद रहे।



**अंबाला।** ड्रेनों का मुआयना करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व अन्य अधिकारी।

# अफसरों के साथ फील्ड में उतरे पूर्व राज्यमंत्री

- बोले-बरसाती सीजन में एक भी कॉलोनी में जमा न हो पानी की बूंद
- शहर की सभी मुख्य ड्रेनों की सफाई का जायजा लिया
- एनएचएआई के अधिकारियों की कार्रवाई पर नाराजगी जताई
- कहा लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त
- आईआईटी रुड़की के प्लान से शहर होगा बाढ़मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

बरसाती सीजन में जलभराव से निपटने के लिए पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल एक बार फिर फील्ड में उतर गए। शनिवार को गोयल ने डीसी व नगर निगम कमिश्नर, जन स्वास्थ्य व सिंचाई विभाग के अधिकारियों व निगम सदस्यों के साथ कई स्थानों का मुआयना किया। बरसात के दौरान किसी एरिया में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए भी अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को जरुरी व्यवस्थाएं करने की भी बात कही। बरसाती पानी की निकासी सुगमता से हो इसके लिए सभी अधिकारियों को सभी ड्रेनों की सफाई समुचित तरीके से करवाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान एनएचएआई से आए अधिकारियों को भी बलदेवनगर, गीता नगरी के साथ-साथ उनके अंतर्गत हाईवे पर जो नाले हैं उनकी भी सफाई व्यवस्था के कार्य को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होने इस मौके पर यह भी कहा कि एनएचएआई के कुछ कार्यों में देरी दिखी है जिसके लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक करके जो भी त्रुटियां हैं उन्हें दूर करने की दिशा में काम किया जा जाएगा।

### स्थायी समाधान

पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि जल भराव की स्थिति से लोगों को निजात मिले, इसके लिए आईआईटी रुडकी ने जल निकासी का एक बड़ा और विस्तृत प्लान तैयार किया है। इस योजना के तहत पब्लिक हेल्थ नहीं, बल्कि इरिगेशन, पब्लिक हेल्थ, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, एचएसवीपी और रेवेन्यू जैसे सात विभागों को एक साथ लेकर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को लेकर वीरवार को आईआईटी रूडकी के प्रतिनिधियों के साथ विभागीय अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक भी की जाएगी ताकि इस कार्य में तेजी लाई जा सके। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि इस प्रोजेक्ट के धरातल पर आने के बाद अंबाला शहर में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।

निरीक्षण के दौरान काकरू के नजदीक हाईवे के पास बरसाती पानी की निकासी ओर सुगमता से हो सके इसके लिए अधिकारियों को स्ट्रॉम डिस्पोजल की रूपरेखा तैयार करने बारे भी निर्देश दिए गए। इस दौरान देवीनगर के नजदीक जो नाला गुजर रहा है वहां पर कूड़ा-कर्कट के चलते बरसाती पानी अवरूद्ध हो जाता है। वहां पर सफाई व्यवस्था करवाने के साथ-साथ मनमोहन नगर पुलिया के पास भी सफाई व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी व्यक्ति नालों में कूड़ा-कर्कट न डाले, इसके चलते बरसात के मौसम में समस्या पैदा होती है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद यदि कोई यहां पर कूड़ा-कर्कट डालता है तो विभाग उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाए। मकसद कहीं पर भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होने देनी है।



## सेक्टर-15 पंचकूला में पहली बार भजन संध्या

**पंचकूला।** सीनियर सिटीजन काउंसिल, सेक्टर-15 पंचकूला में आज पहली बार भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति और आध्यात्मिकता की सुखद भावना का संचार हुआ। कार्यक्रम में काउंसिल के अध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता तथा स्पिरिचुअल सब कमेटी के चेयरपर्सन सुरिन्दर बंसल ने मशहूर भजन गायक श्री गोपाल कृष्ण गौतम और संतूर वादक सुश्री गुरपिंदर कौर को दुपट्टा ओढ़ाकर तथा पुष्पमालाएँ पहनाकर सम्मानित किया। गौतम भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रतिष्ठित कलाकार हैं। काउंसिल के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कलाकारों और श्रद्धालुओं का स्वागत करते कहा कि ऐसे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भजन संध्या जैसे आयोजन समाज में शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देते हैं। आज की भजन संध्या अत्यंत अविस्मरणीय रही। मधुर भजनों की प्रस्तुति ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के मन को भक्ति, शांति और आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। कार्यक्रम में 250 से अधिक संख्या में वरिष्ठ नागरिकों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंच संचालन महासचिव श्री अविनाश मेहता ने बड़े सुचारू एवं प्रभावशाली ढंग से किया। काउंसिल के उपाध्यक्ष शाम लाल मित्तल ने कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## युवती की फोटो लेने पर विवाद

**बराड़ा।** सिंहपुरा कालोनी में एक सफाई कर्मी द्वारा युवती की फोटो खींचने पर विवाद हो गया। परिवार की ओर से पुलिस को शिकायत देकर आरोपी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद तस्वीर के आधार पर लड़की के पिता ने पुलिस को मामले की शिकायत दी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। जानकारी के अनुसार सिंहपुरा कॉलोनी में डोर टू डोर कचरा इकट्ठा वाले कर्मचारी पंहुचे थे। जैसे ही पीड़िता गाड़ी में कचरा डालने के लिए गई तो सफाई कर्मचारी ने बिना उसकी अनुमति के अपने मोबाईल में फोटो खींच ली। युवती ने इस पर आपत्ति जताई और अपने घर बताया। पता चलने पर युवती के पिता ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला। तस्वीर सामने आने पर बलजीत सिंह ने इसकी शिकायत पुलिस को देकर सफाई कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।।

# मांगपत्र सौंपकर मदद की लगाई गुहार

- टेट परीक्षा से राहत देने व ओपीएस को लेकर शिक्षकों ने राज्यसभा सांसद से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से मांगों को लेकर किए जाने आंदोलन के तहत शनिवार को राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने राज्यसभा सांसद से उनकी मांगें राज्य व केंद्र सरकार तक पहुंचाने का आग्रह किया। सांसद ने सभी पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर हर संभव विचार किया जाएगा। वे खुद केंद्र व राज्य सरकार को इन मांगों से अवगत करवाएंगे। संघ के जिला महासचिव प्रकाश गिल ने बताया कि राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ अंबाला की टीम ने राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा को सन 2009 से पहले सरकारी विद्यालयो में नियुक्त अध्यापकों के लिए अनिवार्य टेट परीक्षा से राहत देने व सभी एनपीएस कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान उनके साथ भारी संख्या में शिक्षक भी मौजूद थे। गिल ने बताया कि सांसद ने मौके पर अध्यापकों की सभी मांगों को ध्यान से सुना व टेट के मुद्दे को संसद में रखने का आश्वासन दिया। साथ ही ओपीएस के मुद्दे पर गहनता से विचार- विमर्श किया। उपस्थित सभी अध्यापकों ने सांसद का धन्यवाद दिया। शिक्षकों को उम्मीद है कि राज्यसभा सांसद उनकी मांगों को संसद में उठाकर केंद्र सरकार के समक्ष रखेंगे।



**अंबाला।** सांसद को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

# रथयात्राओं की तैयारियां तेज

- 16 व 29 को भव्य रथयात्राओं में श्रद्धालुओं को भगवान जगन्नाथ के होंगे साक्षात दर्शन

**अंबाला।** इस बार अंबाला शहर में भगवान श्री जगन्नाथ की दो भव्य रथयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। पहली रथयात्रा 16 (वीरवार) को सायं 4 बजे पुराने सिविल अस्पताल के सामने स्थित श्री राधे श्याम मन्दिर से निकाली जाएगी। वहीं, दूसरी भव्य रथयात्रा इस्कॉन कुरुक्षेत्र एवं इस्कॉन अंबाला प्रचार समिति के संयुक्त तत्वावधान में 29 जुलाई को सांय 5 बजे रेलवे स्टेशन से शुरू होगी। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालु खुद हाथों से भगवान का रथ खींचेंगे। 31 जुलाई से सेक्टर-9 में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। पहला कार्यक्रम 16 जुलाई (वीरवार) को भगवान श्री जगन्नाथ की पहली रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। श्री कृष्ण भक्ति प्रचार समिति और ट्रस्ट मंदिर श्री राधे श्याम मंदिर सोसायटी की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। पुराने सिविल अस्पताल के सामने स्थित श्री राधे श्याम मन्दिर में आयोजित इस बैठक में सभी सदस्यों ने कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। समिति के सदस्य श्याम कुमार और धर्मेश मित्तल ने बताया कि रथयात्रा 16 जुलाई को सांय 4 बजे श्री राधे श्याम मंदिर से शुरू होगी।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**कार्यक्रम** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में प्रिंसिपल की अध्यक्षता में बस चालक और परिचालकों की बैठक

# छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि, नियमों से नहीं होगा कोई समझौता

- तकनीकी फिटनेस और साफ-सफाई बनाए रखने के भी निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭बराड़ा

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में छात्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विद्यालय के प्रिंसिपल जयदेव शर्मा की अध्यक्षता में स्कूल बसों के ड्राइवरों एवं कंडक्टरों की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में छात्र सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। शर्मा ने कहा कि विद्यालय में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना सभी ड्राइवरों और कंडक्टरों की नैतिक एवं व्यावसायिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी चालकों को निर्धारित गति सीमा के भीतर वाहन चलाने, सभी यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने तथा किसी भी परिस्थिति में ओवरटेकिंग या जल्दबाजी से बचने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि विद्यार्थियों को बस में चढ़ाते और उतारते समय वाहन हमेशा सड़क के सुरक्षित किनारे ही रोका जाए तथा इस दौरान कंडक्टर प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित करे। यह भी निर्देश दिए गए कि सभी ड्राइवर एवं कंडक्टर ड्यूटी के दौरान निर्धारित यूनिफॉर्म में रहें। प्रत्येक स्कूल बस में फर्स्ट-एड बॉक्स, अग्निशामक यंत्र, सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस तथा स्पीड गवर्नर पूरी तरह कार्यशील होना चाहिए। इसके अलावा वाहनों के टायरों की नियमित जांच, तकनीकी फिटनेस और साफ-सफाई बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। प्रिंसिपल ने कहा कि यदि किसी भी मार्ग पर कोई अप्रिय या विवादित स्थिति उत्पन्न होती है तो चालक स्वयं विवाद में पड़ने के बजाय तत्काल विद्यालय प्रबंधन को इसकी सूचना दें, ताकि मामले का उचित समाधान किया जा सके।



**बराड़ा।** बैठक में भाग लेते हुए डीएवी का नॉन टीचिंग स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### कोई कमी नहीं छोड़ेंगे

बैठक के अंत में सभी ड्राइवरों एवं कंडक्टरों ने विद्यालय प्रबंधन को भरोसा दिलाया कि वे जारी किए गए सभी दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ पालन करेंगे तथा विद्यार्थियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।